UN WATER DAY

स्टूडेंट्स ने जाना वाटर कंजर्वेशन का महत्व

सिटी रिपोर्टर • आंचलिक विज्ञान केंद्र में विश्व जल दिवस के अवसर पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय भूजल बोर्ड के निदेशक सीपी श्रीवास्तव ने जल और रोजगार विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने पानी के महत्व को बताते हुए कहा की पानी का प्रयोग आज हर जगह हो रहा है। जिसमें युवाओं के लिए बहुत सारे रोजगार के अवसर मौजूद है। वर्तमान में छात्रों को इंगित करते हुए कहा की वाटर मॉनिटरिंग के क्षेत्र में आगे आना चाहिए। इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। छात्रों ने इंट्रीग्रेटेड वाटर शेड मैनेजमेंट प्रोग्राम की जानकारी प्राप्त की। उनको अ लैटर रिटेन इन 2070 नामक डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। जिसमें 2070 में पानी की समस्या को दिखाया गया। पर्यावरण कानून विशेषज्ञ हेमा अय्यर ने वाटर कंजर्वेशन के विषय पर बच्चों को जानकारी दी।